भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 2780
(जिसका उत्तर मंगलवार, 05 अगस्त, 2014 को दिया गया)

आई.सी.ए.आई और आई.सी.डब्ल्यू.ए. का परीक्षा बोर्ड

2780. डा. वी. मैत्रेयन :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए. परीक्षाओं के आयोजन और सी.ए. परीक्षाओं और आई.सी.डब्ल्यू.ए. की उत्तीर्णता प्रतिशतता के निर्धारण पर कोई नियंत्रण है;
(ख) क्या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आई.सी.ए.आई) और भारतीय लागत और संकर्म लेखाकार संस्थान (आई.सी.डब्ल्यू.ए.आई.) के परीक्षा बोर्ड का गठन सरकार द्वारा किया जाता है;
(ग) क्या सरकार का प्रश्न पत्र तैयार करने, परीक्षाओं के आयोजन, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन और उनके परिणामों पर कोई नियंत्रण है;
(घ) यदि हां, तो इसके संघटन और उनके कर्त्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या आई.सी.ए.आई. और आई.सी.डब्ल्यू.ए.आई. की कार्यकारी समिति के कुछ सदस्यों ने विगत तीन वर्षों के दौरान विदेश का दौरा किया है; और
(च) यदि हां, तो क्या सरकार को इन दौरों और उनकी विदेश यात्राओं के उद्देश्यों की जानकारी है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण)

(क) से (ग) : जी, नहीं।
(घ) : उपर्युक्त (ग) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।
(ड.) और (च) : सरकार की भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान और भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के सदस्यों के विदेश दौरों को अनुमोदन देने में कोई भूमिका नहीं है क्योंकि इस प्रकार

के दौरों का वित्त प्रबंध संस्थानों की अपनी निधियों से किया जाता है। तथापि उक्त दोनों संस्थानों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उनके प्रतिनिधि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय बोर्डों और समितियों, जिनके ये संस्थान सदस्य हैं अथवा जिनके साथ उनके सहयोग व सहभागिता समझौते हैं, की बैठकों के संबंध में विदेश दौरा करते हैं।

*****